# DIGITAL RESOURCE CENTRE (DRC)

# CENTRAL LIBRARY

## PRESS CLIPPINGS

1-31August

2023

# CONTENT


| S No | Title | Auth or | Newspaper | Page No. | Date of Publication |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शिल्पी गुप्ता और आकाश यादव ने पाई सफलता | | हिंदुस्तान | 8 | 31 AUG |
| 2. | असिस्टेंट प्रो . शिल्पी गुप्ता का पीसीएस जे में चयन | | दैनिक जागरण | 9 | 31 AUG |
| 3. | शिल्पी का पीसीएस जे में चयन | | अमर उजाला | 10 | 31 AUG |
| 4. | ऑनलाइन सत्र का हुआ आयोजन | | हिंदुस्तान | 11 | 31 AUG |
| 5. | वित्तीय निवेशकों व उद्यमियों से मिलकर नेटवर्किंग अवसर का लाभ उठा सकते युवा | | दैनिक जागरण | 12 | 31 AUG |
| 6. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन रेस का हुआ आयोजन | | युगबंधू समाचार | 13 | 30 AUG |
| 7. | राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन रेस का हुआ आयोजन | | शाह टाइम्स | 14 | 30 AUG |
| 8. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नेत्रदान पर आयोजित हुई विचार गोष्टी | | युग बंधू समाचार | 15 | 30 AUG |
| 9. | आईएफटीएम में नेत्रदान पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी | | शाह टाइम्स | 16 | 30 AUG |
| 10. | नेत्रदान के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक एवं मैराथन में अमरजीत रहे अव्वल | | अमर उजाला | 17 | 30 AUG |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | आईएफटीएम में हुई मैराथन रेस एवं छह घंटे के अंदर मुमकिन है नेत्रदान | | हिंदुस्तान | 18 | 30 AUG |
| 12. | "इनोवेशन प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटोअ स्टार्ट-अप " शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन | | आज समाचार सेवा | 19 | 29 AUG |
| 13. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटूअ स्टार्ट-अप शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन | | युग बंधू समाचार | 20 | 29 AUG |
| 14. | आईएफटीएम में 'इनोवेशन/प्रोयोटाइप वैलीडेशन – कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटूअ स्टार्ट-अप' शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन | | शाह टाइम्स | 21 | 29 AUG |
| 15. | स्टार्ट-अपके प्लांस पर वक्ता ने दिए टिप्स | | हिंदुस्तान | 22 | 29 AUG |
| 16. | आईएफटीएम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई एवं आईएफटीएम के छात्र का चयन | | हिंदुस्तान | 23 | 25 AUG |
| 17. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | आज समाचार सेवा | 24 | 25 AUG |
| 18. | आईएफटीएम के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन | | शाह टाइम्स | 25 | 25 AUG |
| 19. | स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए छात्र का चयन | | दैनिक जागरण | 26 | 25 AUG |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20. | आईएफटीएम के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन एवं आईएफटीएम में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | शाह टाइम्स | 27 | 25 AUG |
| 21. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन | | युग बंधू समाचार | 28 | 25 AUG |
| 22. | वर्ल्ड एंटपप्रेन्योर शिप-डे पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | शाह टाइम्स | 29 | 25 AUG |
| 23. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिपडे के अवसर पर ऑनलाइन प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन | | युग बंधू समाचार | 30 | 25 AUG |
| 24. | आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में दिखाया गया चंद्रयान-3 की सफलता का सीधा प्रसारण | | शाह टाइम्स | 31 | 24 AUG |
| 25. | आईएफटीएम :चंद्रयान-3 का सीधा प्रसारण देखा | | हिंदुस्तान | 32 | 24 AUG |
| 26. | आईएफटीएम में दिखाया गया चंद्रयान-3 की सफलता का सीधा प्रसारण | | विधान केसरी | 33 | 24 AUG |
| 27. | इसरो के वैज्ञानिकों को दी बधाई | | दैनिक जागरण | 34 | 24 AUG |
| 28. | ये गौरवपूर्ण क्षण... | | अमर उजाला | 35 | 24 AUG |
| 29. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड इंटरप्रेन्योरशिप<br>दिवस के अवसर पर हुआ सत्र का | | युग बंधू समाचार | 36 | 24 AUG |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | आयोजन | | | | |
| 30. | सरकारी योजनाओं का अध्ययन कर स्वरोजगार करें युवा | | दैनिक जागरण | 37 | 22 AUG |
| 31. | युवाओं को नशामुक्त कराने का लिया संकल्प | | हिंदुस्तान | 38 | 22 AUG |
| 32. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध कराई गई प्रतिज्ञा | | विधान केसरी | 39 | 22 AUG |
| 33. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध कराई गई प्रतिज्ञा | | युग बंधू समाचार | 40 | 22 AUG |
| 34. | आईएफटीएम में ली नशे से दूर रहने की शपथ | | हिंदुस्तान | 41 | 22 AUG |
| 35. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एंटीरैगिंग ' विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन | | शाह टाइम्स | 42 | 19 AUG |
| 36. | आईएफटीएम में एंटीरैगिंग विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन | | विधान केसरी | 43 | 19 AUG |
| 37. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एंटीरैगिंग विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन | | युग बंधू समाचार | 44 | 19 AUG |
| 38. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एंटीरैगिंग विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन | | आज समाचार सेवा | 45 | 19 AUG |
| 39. | आईएफटीएम में तीज के अवसर पर | | विधान केसरी | 46 | 19 AUG |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | आयोजित हुई मेंहदी डिजाइनिंग प्रतियोगिताएं | | | | |
| 40. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में तीज के अवसर पर आयोजित हुईं मेंहदी डिजाइनिंग प्रतियोगिताएं | | युग बंधू समाचार | 47 | 19 AUG |
| 41. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में तीज के अवसर पर आयोजित हुईं मेहंदी डिजाइनिंग प्रतियोगिताएं | | शाह टाइम्स | 48 | 19 AUG |
| 42. | मेहंदी में आरती ने मारी बाजी एवं रैगिंग से विद्यार्थियों में भय व्याप्त होता :गौतम | | हिंदुस्तान | 49 | 19 AUG |
| 43. | आईएफटीएम विश्वविद्यालय में तीज के अवसर पर आयोजित हुईं मेंहदी डिजाइनिंग प्रतियोगिताएं | | आज समाचार सेवा | 50 | 19 AUG |
| 44. | आइएफटीएम विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के बाद पौधारोपण किया गया | | दैनिक जागरण | 51 | 17 AUG |
| 45. | हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतन्त्रता दिवस, कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने किया ध्वजारोहण | | शाह टाइम्स | 52 | 17 AUG |
| 46. | आईएफटीएम में मना स्वतंत्रता दिवस | | हिंदुस्तान | 53 | 17 AUG |
| 47. | चांसलर राजीव कोठीवाल ने किया ध्वजारोहण | | विधान केसरी | 54 | 17 AUG |
| 48. | आईएफटीएम में हुआ म्यूच्यूअलफण्ड डिस्ट्रीब्यूटर सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन | | शाह टाइम्स | 55 | 15 AUG |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 49. | शिक्षकों को बंटे म्यूचुअलफंड सर्टिफिकेट | | हिंदुस्तान | 56 | 15 AUG |
| 50. | आइएफटीएम विवि में दिलाई पंच प्रण की शपथ | | दैनिक जागरण | 57 | 10 AUG |
| 51. | आईएफटीएम में दिलाई पंच प्रण की शपथ | | हिंदुस्तान | 58 | 10 AUG |
| 52. | "आजादी का अमृतमहोत्सव ' के अंतर्गत हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन | | शाह टाइम्स | 59 | 10 AUG |
| 53. | आजादी का अमृत महोत्सव "के अन्तर्गत हुआ तिरंगा रैली व विचार गोष्ठी का आयोजन | | शाह टाइम्स | 60 | 10 AUG |
| 54. | आईएफटीएम में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन | | विधान केसरी | 61 | 10 AUG |
| 55. | आईएफटीएम के कुलपति प्रो. महेंद्रप्रसाद पाण्डेय ने नवप्रकाशित पुस्तक "नई शिक्षानीति: 2020 राष्ट्रनिर्माण के परिप्रेक्ष्यमें' का किया विमोचन | | शाह टाइम्स | 62 | 6 AUG |
| 56. | नई शिक्षा नीति पुस्तक का विमोचन किया | | हिंदुस्तान | 63 | 6 AUG |

August 31

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद
गुरुवार
31 अगस्त 2023
05

## उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज के परिणाम में मुरादाबाद का बजा डंका, मनाई खुशियां

# शिल्पी गुप्ता और आकाश यादव ने पाई सफलता

**चयन**

मुरादाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज जूनियर डिवीजन (पीसीएस-जे) भर्ती 2022 का अंतिम परिणाम बुधवार को आ गया। इसमें आईएफटीएम विश्वविद्यालय में लॉ विभाग की शिक्षक डॉ. शिल्पी गुप्ता व मुरादाबाद जिला न्यायालय के अभिलेखागार में कार्यरत केहर सिंह के पुत्र आकाश यादव का चयन हुआ है।

मुरादाबाद जिला न्यायालय के अभिलेखागार में कार्यरत केहर सिंह के बेटे आकाश का चयन चयन न्यायिक सेवा में हुआ है। आकाश की 79वीं रैंक हैं। उनकी इस सफलता पर केजीके कॉलेज के विधि प्राध्यापक एडवोकेट श्रीराम शर्मा ने हर्ष जताया। उन्होंने बताया कि तैयारी के लिए आकाश उनके पास आता रहा है। आकाश इससे पूर्व तीन बार यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। साथ ही इस वर्ष घोषित सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर उनका चयन हो चुका है।



शिल्पी गुप्ता।



एडवोकेट श्रीराम शर्मा के साथ आकाश।

### पिता का सपना आज पूरा हो गया : शिल्पी

पीसीएस जे में 144वां स्थान हासिल करने वाली शिल्पी गुप्ता ने कहा कि उनके पिता स्व. वेदप्रकाश गुप्ता व मां कमला गुप्ता का सपना था कि उनकी बेटी न्यायिक सेवा में जाए। वे एनसीसी की कमांडिंग ऑफिसर भी हैं। शिल्पी ने बताया कि उनके पिता स्व. वेदप्रकाश क्रिमिनल लॉयर थे। श्रेय बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक और भाई धीरज प्रकाश गुप्ता, भाभी प्रगति वार्ष्णेय, बहन शिखा को दिया है।

### शिल्पी की सफलता पर झूमा आईएफटीएम

शिल्पी गुप्ता की उपलब्धि पर आईएफटीएम विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है। इस मौके पर कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने शिल्पी को शुभकामनाएं दीं। कहा कि काफी खुशी होती है, जब शिक्षक विवि का नाम रोशन करते हैं। कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय व प्रो. वीसी प्रो. नवनीत वर्मा ने भी शिल्पी गुप्ता को इस उपलब्धि पर बधाइयां दीं।



पीसीएस जे उत्तीर्ण करने पर श्वेता कश्यप को मिठाई खिलाते परिजन।

### रामपुर की श्वेता ने पाई पीसीएस-जे में सफलता

रामपुर। पेशकार की बेटी की मेहनत ने रंग दिखा दिया। पहले ही प्रयास में रामपुर की श्वेता कश्यप ने पीसीएस-जे में सफलता अर्जित कर ली है। 193 रैंक आई है। उनकी इस सफलता से परिवार में जश्न सा माहौल है। सिविल लाइंस क्षेत्र के डायमंड सिनेमा के पास शक्तिपुरम निवासी मनोज कुमार मुरादाबाद स्थित एडिशनल सिविल जज की कोर्ट में पेशकार हैं। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें श्वेता सबसे बड़ी बेटी हैं।

9
दैनिक जागरण
www.jagran.com
मुरादाबाद, 31 अगस्त, 2023

# असिस्टेंट प्रो. शिल्पी गुप्ता का पीसीएस जे में चयन

**बोलीं, रक्षाबंधन से पहले भाई की प्रेरणा से मिला जिंदगी का खुबसूरत उपहार**

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2022 का बुधवार को परिणाम जारी कर दिया। इस परीक्षा में आइएफटीएम विश्वविद्यालय के विधि विभाग में असिस्टेंट प्रो. शिल्पी गुप्ता का चयन हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 144वीं में रैंक प्राप्त की है। इसके अलावा रामगंगा विहार निवासी आकाश यादव का भी चयन हुआ है। इनकी 79वीं रैंक आई है। इन्होंने केजीके कालेज से लॉ किया है। इनके पिता केहर सिंह कोर्ट के अभिलेखागार में तैनात हैं।

शिल्पी गुप्ता मूल रूप चंदौसी के बूढ़ी माता, कैथल गेट मुहल्ले की निवासी हैं। बताया कि पिता स्वर्गीय वेदप्रकाश गुप्ता अधिवक्ता थे। उनका सपना था कि उनकी बेटियां जज बनकर न्याय करें और जरूरतमंदों का मसीहा बनें। वर्ष 2010 में जब पिता की मृत्यु हुई तब वह एलएलबी की पढ़ाई कर रही थीं। तभी ठान लिया था कि एक दिन जरूर पिता का यह सपना पूरा करेंगी। वर्ष 2018 में उन्होंने पहली बार यह परीक्षा दी, लेकिन साक्षात्कार तक पहुंचने के बाद कुछ अंकों से उनका चयन नहीं हो सका। कहती हैं कि उनके भाई धीरज प्रकाश गुप्ता ने हर कदम पर उनका मनोबल बढ़ाया। कई बार परीक्षा की तैयारी के दौरान ऐसा समय आया जब वह खुद को हारा हुआ समझतीं लेकिन, हर बार उनके भाई सफल लोगों के उदाहरण देकर उनको उनके और मेंहनत करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे। वर्ष 2022 में फिर दूसरी बार परीक्षा दी और इस बार 144वीं रैंक से सफलता हासिल की। इसलिए वह रक्षाबंधन के दिन इस उपलब्धि को भाई की प्रेरणा का उपहार मानती हैं।



शिल्पी गुप्ता • जागरण

## बस में सफर करते हुए मिली जानकारी

शिल्पी गुप्ता रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने के लिए बस से चंदौसी जा रही थीं। तभी उनके साथ तैयारी करने वाले साथियों ने उन्हें फोन कर पीसीएस जे में चयन होने की बधाई दी, जिसे सुनकर उन्हें पिता के सपने की याद आ गई और आंखों में आंसू छलक उठे। बहन कमला गुप्ता विधि से पीएचडी के साथ ही पीसीएस की तैयारी कर रही हैं। कहती हैं कि इस पद को संभालने के बाद उनका लक्ष्य त्वरित न्याय करना रहेगा।

**असफलता से सीख चढ़ें सफलता की सीढ़ी** : एक या दो बार परीक्षा में असफल होने के बाद विद्यार्थी हार मान लेते हैं। जो सही नहीं। उन्हें अपनी असफलताओं से सीख कर उसमें सुधार करना चाहिए। यह सफलता का मूलमंत्र है। नियमित अभ्यास और लगन से पढ़ाई करने के बाद ही किसी भी परीक्षा में सफल हुआ जा सकता है।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 31 अगस्त 2023 8

# शिल्पी का पीसीएस जे में चयन

## डॉ. शिल्पी आईएफटीएम विवि में विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। मूलरूप से चंदौसी निवासी डॉ. शिल्पी गुप्ता ने पीसीएस जे में 144 रैंक प्राप्त की है। वर्ष 2014 से आईएफटीएम में पढ़ा रही हैं। वह विवि परिसर में रहतीं हैं। डॉ. शिल्पी आईएफटीएम में विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।



डॉ. शिल्पी गुप्ता।

उन्होंने बताया कि परिवार में भाई धीरज प्रकाश गुप्ता, भाभी प्रगति वार्ष्णेय, बहन शिखा गुप्ता हैं। कहतीं है कि मेरे पिता वेद प्रकाश गुप्ता का सपना था कि मैं न्यायिक सेवा में जाऊं। मेरे पिताजी चंदौसी के वरिष्ठ क्रिमिनल लॉयर थे। यह मेरा दूसरा प्रयास था।

इससे पहले वर्ष 2018 में में साक्षात्कार तक पहुंची थी। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाते हुए मैंने स्वाध्याय किया। वर्ष 2010 में पिता और माता कमला गुप्ता का निधन हुआ था। इसके बाद भाई, भाभी और बहन ने हर कदम पर प्रोत्साहित किया। अब मेरा सपना है कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिला पाऊं। मैने धन के अभाव में बहुत से लोगों को न्याय से वंचित होते देखा है।

मैं इस दिशा में भी प्रयास करुंगी कि कोई भी संसाधनहीन और जरुरतमंद व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। इसके लिए मैं एक टीम बनाऊंगी, जोकि ऐसे लोगों के लिए निस्वार्थ भावों से काम करेंगी। आईएफटीएम के कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय ने डॉ. शिल्पी गुप्ता के पीसीएस जे में चयन होने पर बधाई दी है।

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद
गुरुवार
31 अगस्त 2023
04

# ऑनलाइन सत्र का हुआ आयोजन

मुरादाबाद। आईएफटीएम में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा 'एंजल इन्वेस्टमेंट/वीसी फंडिंग अपॉर्च्यूनिटी फॉर अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स' शीर्षक पर ऑनलाइन सत्र हुआ। विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विवि में इस तरह के महत्वपूर्ण और रोजगारपरक कार्यक्रमों के आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए लाभदायी बताया। जेपी विश्वविद्यालय, नोएडा के डॉ. सुनील कुमार यादव इस सत्र में मुख्य वक्ता रहे।

9
दैनिक जागरण
www.jagran.com
मुरादाबाद, 31 अगस्त, 2023



डा. अमनप्रीत कौर व सुनील कुमार

## वित्तीय निवेशकों व उद्यमियों से मिलकर नेटवर्किंग अवसर का लाभ उठा सकते युवा

**मुरादाबाद** : आइएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आइआइसी) की ओर से एंजल इवेस्टमेंट व वीसी फंडिंग अपार्च्युनिटी फार अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स शीर्षक पर आनलाइन सत्र का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने विश्वविद्यालय मे इस तरह के रोजगारपरक कार्यक्रमों के आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए लाभदायी बताया। जेपी विश्वविद्यालय, नोएडा के डा. सुनील कुमार यादव इस सत्र में मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बताया कि किस तरह एक स्टार्ट-अप को सफल बनाने के लिए एंजल इंवेस्टर से वित्तीय सहायता प्राप्त की जा सकती है। ठीक इसी तरह वीसी फंडिंग अपार्च्युनिटी की भी सहायता अर्ली स्टेज में कोई भी एंटरप्रेन्योर ले सकता है। इसके बाद लीन स्टार्ट-अप एंड मिनिमम वायएबल प्रोडक्ट एवं बिजनेस शीर्षक पर भी आनलाइन सत्र का आयोजन हुआ। चितकारा यूनिवर्सिटी, पंजाब के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. अमनप्रीत कौर ने कहा कि व्यवसायी अपने उत्पाद या सेवाओं को बनाने और प्रदान करने से पहले उनकी सोच और प्रतिक्रिया को समझें और सुधारें। वि.

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन रेस का हुआ आयोजन






**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हॉकी के महान खिलाड़ी एवं पूर्व ओलंपियन मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति ह्यराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने के तहत मैराथन रेस का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 11 स्कूलों के 100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन रेस के प्रथम भाग में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. निशा अग्रवाल, प्रो. नवनीत वर्मा, प्रो. अरूण कुमार मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को खेलकूद में प्रतिभाग करते रहने की शपथ दिलाई और फिटनेस के मंत्र दिए। इसके बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर मैराथन रेस का आगाज हुआ। प्रतिभागियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए मैराथन रेस को संपन्न किया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के अमरजीत सिंह चीमा रहे। द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः स्कूल ऑफ साइंसेज के अनंत शर्मा और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के चंद्रभान रहे। वहीं बालिका वर्ग में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की नीतिका प्रथम स्कूल आफ सोशल साइंसेज की रिंकी यादव द्वितीय और स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की मीनू तृतीय स्थान पर रही। मैराथन रेस प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उपस्थित अधिकारियों ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पाण्डेय ने अपने उद्बोधन से सभी विद्यार्थियों को खेलकूद में प्रतिभाग करने के लाभ बताएं और ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्ररित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक श्री कपिल गिल और श्री शशांक चैधरी का विशेष योगदान रहा। वि0

# राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में मैराथन रेस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हॉकी के महान खिलाड़ी एवं पूर्व ओलंपियन मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति 'राष्ट्रीय खेल दिवस' मनाने के तहत मैराथन रेस का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के 11 स्कूलों के 100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन रेस के प्रथम भाग में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. निशा अग्रवाल, प्रो. नवनीत वर्मा, प्रो. अरूण कुमार मिश्रा समेत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को खेलकूद में प्रतिभाग करते रहने की शपथ दिलाई और फिटनेस के मंत्र दिए। इसके बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर मैराथन रेस का आगाज हुआ।



प्रतिभागियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए मैराथन रेस को संपन्न किया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के अमरजीत सिंह चीमा रहे। द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः स्कूल ऑफ साइंसेज के अनंत शर्मा और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के चंद्रभान रहे। वहीं बालिका वर्ग में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की नीतिका प्रथम स्कूल आफ सोशल साइंसेज की रिंकी यादव द्वितीय और स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की मीनू तृतीय स्थान पर रही। मैराथन रेस प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उपस्थित अधिकारियों ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की।

विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. पाण्डेय ने अपने उद्‌बोधन से सभी विद्यार्थियों को खेलकूद में प्रतिभाग करने के लाभ बताएं और ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्ररित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक श्री कपिल गिल और श्री शशांक चौधरी का विशेष योगदान रहा।

**August 30**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में नेत्रदान पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी






**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फामेर्सी तथा सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान मे ह्यनेत्रदानह्ण विषय पर एक जागरूकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंखें न सिर्फ हमें देखने की क्षमता प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे मरने के बाद भी किसी और की जिंदगी में नई रोशनी भर सकती है। नेत्रदान के द्वारा वह एक नई जिंदगी जी सकता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट से पधारे डॉ. रवि टंडन, डॉ. संजीव वर्मा, डॉ. दीपक कुमार, श्री संजय नारंग एवं श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती सिंह ने बताया कि कॉर्निया एक पारदर्शी झिल्ली होती है, जिसको केवल पांच मिनट के छोटे प्रोसीजर से पार्थिव शरीर द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। वक्ता श्री वर्मा ने बताया कि सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट द्वारा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में अभी तक 45 लाख कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के मरीज हैं। श्री टंडन ने जागरूकता गोष्ठी में बताया कि भारतवर्ष की लगभग 0.5 परसेंट आबादी ही पुरे भारतवर्ष को कॉर्नियल अंधता से मुक्ति दिला सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नेत्रदान के इस महाअभियान में सभी धर्म के लोगो की सहभागिता जरुरी है। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया का दृष्टिहीन जनसंख्या का एक चैथा हिस्सा भारत में है। दोबारा से आंखों की रोशनी को हासिल करने के लिए कॉर्निया के ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, जिसको सिर्फ नेत्रदान के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता हैस फैकल्टी ऑफ फामेर्सी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में दी गई जानकारियां विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद होंगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण व फामेर्सी के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया तथा नेत्रदान के प्रति जागरूकता पर महत्व डाला। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के डायरेक्टर प्रो. सुशील कुमार ने सभी वक्ताओं को स्मृति-चिन्ह भेंट किया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में फैकल्टी आफ फामेर्सी के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. पवन सिंह, श्री अलंकार श्रीवास्तव, श्री दीपक सिंह चैधरी की मुख्य सहभागिता रही। मंच का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वि0

# आईएफटीएम में नेत्रदान पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी तथा सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान मे 'नेत्रदान' विषय पर एक जागरूकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंखें न सिर्फ हमें देखने की क्षमता प्रदान करती हैं, बल्कि हमारे मरने के बाद भी किसी और की जिंदगी में नई रोशनी भर सकती है। नेत्रदान के द्वारा वह एक नई जिंदगी जी सकता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट से पधारे डॉ. रवि टंडन, डॉ. संजीव वर्मा, डॉ. दीपक कुमार, श्री संजय नारंग एवं श्रीमती गरिमा सिंह ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती सिंह ने बताया कि कॉर्निया एक पारदर्शी झिल्ली होती है, जिसको केवल पांच मिनट के छोटे प्रोसीजर से पार्थिव शरीर द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। वक्ता श्री वर्मा ने बताया कि सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट द्वारा 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में अभी तक 45 लाख कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के मरीज हैं। श्री टंडन ने जागरूकता गोष्ठी में बताया कि भारतवर्ष की लगभग 0.5 परसेंट आबादी ही पुरे भारतवर्ष को कॉर्नियल अंधता से




मुक्ति दिला सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नेत्रदान के इस महाअभियान में सभी धर्म के लोगो की सहभागिता जरुरी है। उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया का दृष्टिहीन जनसंख्या का एक चौथा हिस्सा भारत में है। दोबारा से आंखों की रोशनी को हासिल करने के लिए कॉर्निया के ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है, जिसको सिर्फ नेत्रदान के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता हैस फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने इस आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में दी गई जानकारियां विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद होंगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण व फार्मेसी के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी वक्ताओं का स्वागत किया तथा नेत्रदान के प्रति जागरूकता पर महत्व डाला। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के डायरेक्टर प्रो. सुशील कुमार ने सभी वक्ताओं को स्मृति-चिन्ह भेंट किया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में फैकल्टी आफ फार्मेसी के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत उपाध्याय, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. पवन सिंह, श्री अलंकार श्रीवास्तव, श्री दीपक सिंह चौधरी की मुख्य सहभागिता रही। मंच का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

अमर उजाला
मुरादाबाद | बुधवार, 30 अगस्त 2023 | 8

# नेत्रदान के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक




मुरादाबाद। मुरादाबाद नागरिक समाज एवं सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान की ओर से राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंगलवार को आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में फार्मेसी विभाग के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नेत्रदान के बारे में जागरूक किया गया।

मुनास के सचिव रवि टंडन ने सभी को नेत्रदान करने से पहले बरतने वाली सावधानियां के बारे में बताया। उपाध्यक्ष संजीव वर्मा ने सभी को नेत्रदान कौन कर सकता है और कौन नहीं कर सकता है इसके बारे में जानकारी दी। संजय नारंग ने नेत्रदान एवं रक्तदान एक महादान है इस पर चर्चा की। संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह ने सभी को 1919 नंबर पर कॉल करके मृतक की सूचना देने एवं नेत्रदान की प्रक्रिया के लिए टीम को बुलाने के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि 6 घंटे के अंदर नेत्रदान किया जा सकता है।

इस दौरान आईएफटीएम के फार्मेसी विभाग के डॉ. अरुण मिश्रा एवं डॉ. सुशील ने सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वक्ताओं द्वारा दिए गए संदेशों को सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत ही ध्यान से सुनते हुए नेत्रदान के प्रतिज्ञा पत्र भी भरे। ब्यूरो




आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि। स्रोत : विवि

# मैराथन में अमरजीत रहे अव्वल

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि में मैराथन रेस का आयोजन हुआ। जिसमें 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के अमरजीत सिंह चीमा रहे। द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः स्कूल ऑफ साइंसेज के अनंत शर्मा और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के चंद्रभान रहे।

बालिका वर्ग में पॉलिटेक्निक की नीतिका प्रथम स्कूल आफ सोशल साइंसेज की रिंकी यादव द्वितीय और स्कूल आफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी की मीनू तृतीय स्थान पर रही।

इस दौरान कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. निशा अग्रवाल, प्रो. नवनीत वर्मा, प्रो. अरुण कुमार मिश्रा, प्रो. वैभव त्रिवेदी, कपिल गिल, शशांक चौधरी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, बुधवार, 30 अगस्त 2023 08



आईएफटीएम में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैराथन रेस का शुभारंभ करते अतिथि।

## आईएफटीएम में हुई मैराथन रेस

मुरादाबाद। आईएफटीएम में मैराथन रेस का आयोजन किया गया। प्रथम भाग में कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल, खेल निदेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी, प्रो. राहुल कुमार मिश्रा, वित अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, प्रो. निशा अग्रवाल, प्रो. नवनीत वर्मा, प्रो. अरुण मिश्रा समेत विवि के प्रशासनिक अधिकारियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया।




नागरिक समाज एवं सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान की ओर से कार्यशाला आयोजित हुई।

## छह घंटे के अंदर मुमकिन है नेत्रदान

मुरादाबाद। सीएल गुप्ता नेत्रदान व मुरादाबाद नागरिक समाज के तत्वावधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में किया गया। संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह, रवि टंडन, संजय नारंग, संजीव वर्मा ने भी जानकारी दी। फार्मेसी के डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. सुशील ने आभार व्यक्त किया।

**August 29**

# 'इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप' शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन

**-आज समाचार सेवा-**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से 'इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप' शीर्षक पर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के रोजगारपरक कार्यक्रमों के आयोजन विद्यार्थियों के के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे। इस सत्र में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में इनोवेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप स्टूडेंट वेलफेयर विंग के डीन डॉ. सौरभ लखनपाल मुख्य वक्ता रहे। डॉ. लखनपाल ने एक सफल स्टार्ट-अप बनाने एवं चलाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। एक स्टार्ट-अप शुरू करने और उसे बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने के बारे बताते हुए कुछ टिप्स की जानकारी दी। इन टिप्स में सर्वप्रथम सोसायटी



डॉ. सौरभ लखनपाल

की समस्या से संबंधित एक समाधान का चयन एवं एक टीम का चयन करके हर सदस्य को अपनी निपुणता द्वारा इनोवेटिव आइडिया को स्टार्ट-अप में बदलने के लिए अपना अधिकतम योगदान देना शामिल रहा। साथ ही डॉ. लखनपाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें उन क्षेत्रों में काम करने की दिशा में सोचने चाहिए, जिनमें उनका रुझान व जुनून हो।

इस मौके पर प्रो. कुमार ने कहा कि एक स्टार्ट-अप को सफल बनाने के लिए अद्वितीय विचारों और सुनहरे अवसर की पहचान करते हुए उन विचारों को वास्तविकता में लागू करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ वर्षों में भारत देश ने यूनिकॉर्न विश्व पटल पर 100 से अधिक लाखों नागरिकों को नौकरी के अवसर दिए हैं। एमआईसी सेल और एआईसीटीआई के नेतृत्व में भारत देश के विभिन्न हायर एजुकेशन संस्थान उनकी आईआईसी सेल के माध्यम से निरन्तर विभिन्न टॉपिक्स पर सत्रों का आयोजन कर रहे हैं। इन एक्टिविटीज की मदद से समस्त हायर एजुकेशन संस्थान एक पटल पर आकर नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रो. कुमार ने यह भी कहा कि वह दिन दूर नही जब भारत पूरे विश्व के नागरिकों को भी नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। आईआईसी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन–कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट–अप शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद**। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंन्स



इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप शीर्षक पर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के रोजगारपरक कार्यक्रमों के आयोजन विद्यार्थियों के के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे। इस सत्र में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में इनोवेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप स्टूडेंट वेलफेयर विंग के डीन डॉ. सौरभ लखनपाल मुख्य वक्ता रहे। डॉ. लखनपाल ने एक सफल स्टार्ट-अप बनाने एवं चलाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। एक स्टार्ट-अप शुरू करने और उसे बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने के बारे बताते हुए कुछ टिप्स की जानकारी दी। इन टिप्स में सर्वप्रथम सोसायटी की समस्या से संबंधित एक समाधान का चयन एवं एक टीम का चयन करके हर सदस्य को अपनी निपुणता द्वारा इनोवेटिव आइडिया को स्टार्ट-अप में बदलने के लिए अपना अधिकतम योगदान देना शामिल रहा। साथ ही डॉ. लखनपाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें उन क्षेत्रों में काम करने की दिशा में सोचने चाहिए, जिनमें उनका रुझान व जुनून हो।

इस मौके पर प्रो. कुमार ने कहा कि एक स्टार्ट-अप को सफल बनाने के लिए अद्वितीय विचारों और सुनहरे अवसर की पहचान करते हुए उन विचारों को वास्तविकता में लागू करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ वर्षों में भारत देश ने यूनिकॉर्न विश्व पटल पर 100 से अधिक लाखों नागरिकों को नौकरी के अवसर दिए हैं। एमआईसी सेल और एआईसीटीआई के नेतृत्व में भारत देश के विभिन्न हायर एजुकेशन संस्थान उनकी आईआईसी सेल के माध्यम से निरन्तर विभिन्न टॉपिक्स पर सत्रों का आयोजन कर रहे हैं। इन एक्टिविटीज की मदद से समस्त हायर एजुकेशन संस्थान एक पटल पर आकर नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रो. कुमार ने यह भी कहा कि वह दिन दूर नही जब भारत पूरे विश्व के नागरिकों को भी नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। आईआईसी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया। वि0

# आईएफटीएम में 'इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन- कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप' शीर्षक पर हुआ एक सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय में इंस्टीट्यूशंन्स इना.



डॉ. सौरभ लखनपाल

ेवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से 'इनोवेशन/प्रोटोटाइप वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप' शीर्षक पर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के रोजगारप. रक कार्यक्रमों के आयोजन विद्यार्थियों के के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे। इस सत्र में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में इनोवेशन एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप स्टूडेंट वेलफेयर विंग के डीन डॉ. सौरभ लखनपाल मुख्य वक्ता रहे। डॉ. लखनपाल ने एक सफल स्टार्ट-अप बनाने एवं चलाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। एक स्टार्ट-अप शुरू करने और उसे बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने के बारे बताते हुए कुछ टिप्स की जानकारी दी। इन टिप्स में सर्वप्रथम सोसायटी की समस्या से संबंधित एक समाधान का चयन एवं एक टीम का चयन करके हर सदस्य को अपनी निपुणता द्वारा इनोवेटिव आइडिया को स्टार्ट-अप में बदलने के लिए अपना अधिकतम योगदान देना शामिल रहा। साथ ही डॉ. लखनपाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें उन क्षेत्रों में काम करने की दिशा में सोचने चाहिए, जिनमें उनका रुझान व जुनून हो। इस मौके पर प्रो. कुमार ने कहा कि एक स्टार्ट-अप को सफल बनाने के लिए अद्वितीय विचारों और सुनहरे अवसर की पहचान करते हुए उन विचारों को वास्तविकता में लागू करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि कुछ वर्षों में भारत देश ने यूनिकॉर्न विश्व पटल पर 100 से अधिक लाखों नागरिकों को नौकरी के अवसर दिए हैं। एमआईसी सेल और एआईसीटीआई के नेतृत्व में भारत देश के विभिन्न हायर एजुक. ेशन संस्थान उनकी आईआईसी सेल के माध्यम से निरन्तर विभिन्न टॉपिक्स पर सत्रों का आयोजन कर रहे हैं। इन एक्टिविटीज की मदद से समस्त हायर एजुकेशन संस्थान एक पटल पर आकर नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रो. कुमार ने यह भी कहा कि वह दिन दूर नही जब भारत पूरे विश्व के नागरिकों को भी नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। आईआईसी के संयोजक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन आईआईसी इना. ेवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया।



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 05

## स्टार्टअप के प्लांस पर वक्ता ने दिए टिप्स

मुरादाबाद। आईएफटीएम में इनोवेशन वैलीडेशन-कन्वर्टिंग इनोवेशन इंटू अ स्टार्ट-अप शीर्षक पर हुआ सत्र का आयोजन हुआ। कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने शुभारंभ करते हुए कहा कि रोजगारपरक आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप स्टूडेंट वेलफेयर विंग के डीन डा. सौरभ लखनपाल मुख्य वक्ता रहे। लखनपाल ने सफल स्टार्ट-अप पर प्रकाश डाला। संयोजक हरप्रीत रहे।

**August 25**

हिन्दुस्तान
मुरादाबाद
शुक्रवार
25 अगस्त 2023
02

# आईएफटीईएम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई

मुरादाबाद। आईएफटीएम में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आईसीसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह ने किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने विचार रखे।

# आईएफटीएम के छात्र का चयन

मुरादाबाद। आईएफटीएम के बीएससी, एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चौधरी का स्वीडन स्थित कंपनी 'फ्रीलेस्टाड वैक्सट एबी' में स्कॉलरशिप सहित 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। प्रिंस कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों के बारे में सीखेंगे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन



-आज समाचार सेवा-

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बी.एससी. एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चौधरी का स्वीडन स्थित कंपनी 'फोलेस्टाड वैकसर एबी' में 8,60,000 रुपये धनराशि की स्कॉलरशिप सहित 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। इंटर्नशिप की इस अवधि के दौरान प्रिंस चौधरी कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में सीखेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने चयनित छात्र चौधरी को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे।

कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को छात्र प्रिंस चौधरी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विदेशी इंटर्नशिप के अवसरों के फलस्वरूप विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को सीखने में मदद मिलेगी व विद्यार्थी इंटर्नशिप पूर्ण करने पश्चात् वे अपने ज्ञान को अन्य विद्यार्थियों और किसानों के साथ साझा करेंगे। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. आकांक्षा सिंह, सीनियर ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आशीष अग्रवाल समेत विश्वविद्यालय के अन्य स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने भी चयनित छात्र चौधरी को बधाई दी है।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

-आज समाचार सेवा-

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे' के अवसर पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने व अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी. पीसीएम, तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका मलिक को प्रथम, बी.एससी. पीसीएम, तृतीय वर्ष के छात्र प्रियांशु को द्वितीय तथा एम.एससी. फिजिक्स, द्वितीय वर्ष के छात्र अर्पित सिंह एवं बी.कॉम (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष के छात्र मोहम्मद मसूद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन आईसीसी के कन्वीनर डॉ. हरजीत सिंह ने किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को 'वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे' के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नए विचारों को अमल में लाने वाले व्यक्ति को एंटरप्रेन्योर अथवा व्यवसायी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि नए विचारों के माध्यम से यही व्यक्ति नए उत्पाद और सेवाएँ उपलब्ध कराने के अतिरिक्त नौकरियों का स्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानु मान का विशेष सहयोग रहा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।


न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रामपुर

मुकदमा अपराध संख्या 186/2022 धारा-420 भा0द0वि0 व 12 पासपोर्ट अधिनियम थाना-बिलासपुर, जनपद-रामपुर।

नकल आदेश

श्री श्रीकान्त ..., उपनिरीक्षक, थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने मु0अ0सं0 186/2022, धारा-420 भा0द0वि0 व 12 पासपोर्ट अधिनियम, थाना बिलासपुर जिला रामपुर से संबंधित अभियुक्त ... के विरुद्ध धारा-82 दं0 प्र0 सं0 की कार्यवाही किये जाने के संबंध में ... दिनांक 07.01.2023 ... केस डायरी संख्या 27,28,29,30,32,33, 34, 35, 36, 37, 38, 39 के अवलोकन से विदित हुआ कि अभियुक्त की तामील एवं गिरफ्तारी हेतु ... दिनांक 12.01.2023, 15.01.2023, 25.01.2023,

# आईएफटीएम के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बी.एससी, एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चौधरी का स्वीडन स्थित कंपनी 'फ्रीलेस्टाड वैक्सट एबी' में 9,60,000 रुपये धनराशि की स्कॉलरशिप सहित 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। इंटर्नशिप की इस अवधि के दौरान प्रिंस चौधरी कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में सीखेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने चयनित छात्र चौधरी को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को छात्र प्रिंस चौधरी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विदेशी इंटर्नशिप के अवसरों के फलस्वरूप विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को सीखने में मदद मिलेगी व विद्यार्थी इंटर्नशिप पूर्ण करने पश्चात् वे अपने ज्ञान को अन्य विद्यार्थियों और किसानों के साथ साझा करेंगे। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के बंसल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. अर्कजा सिंह, सीनियर ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आशीष अग्रवाल समेत विश्वविद्यालय के अन्य स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी चयनित छात्र चौधरी को बधाई दी है।

मुरादाबाद, 25 अगस्त, 2023 दैनिक जागरण 5

# स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए छात्र का चयन

जासं, मुरादाबाद: आइएफटीएम विश्वविद्यालय के बीएससी, एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चौधरी इंटर्नशिप के लिए स्वीडन जाएंगे। स्वीडन स्थित कंपनी 'फ्रीलेस्टाड वैक्सट एबी' में 9,60,000 रुपये धनराशि की स्कालरशिप के साथ इंटर्नशिप करेंगे। प्रिंस चौधरी कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में ज्ञान प्राप्त करेंगे। कुलपति प्रो.महेन्द्र प्रसाद पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि प्रिंस चौधरी की उपलब्धि पर गर्व है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक केके बंसल, स्कूल आफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डा. अर्कजा सिंह, सीनियर ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर आशीष अग्रवाल ने उत्साहवर्धन किया है।

# आईएफटीएम के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन

मुरादाबाद (विधान केसरी)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बी.एससी, एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चौधरी का स्वीडन स्थित कंपनी फ्रीलेस्टाड वैक्सट एबी में 9,60,000 रुपये धनराशि की स्कॉलरशिप सहित 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। इंटर्नशिप की इस अवधि के दौरान प्रिंस चौधरी कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में सीखेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने चयनित छात्र चौधरी को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को छात्र प्रिंस चौधरी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विदेशी इंटर्नशिप के अवसरों के फलस्वरूप विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को सीखने में मदद मिलेगी व विद्यार्थी इंटर्नशिप पूर्ण करने पश्चात वे अपने ज्ञान को अन्य विद्यार्थियों और किसानों के साथ साझा करेंगे। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक के.के बंसल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. अर्कजा सिंह, सीनियर ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर श्री आशीष अग्रवाल समेत विश्वविद्यालय के अन्य स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी चयनित छात्र चौधरी को बधाई दी है।



# आईएफटीएम में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मुरादाबाद (विधान केसरी)। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के अवसर पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने व अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका मलिक को प्रथम, बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष के छात्र प्रियांशु को द्वितीय तथा एम.एससी, फिजिक्स, द्वितीय वर्ष के छात्र अर्पित सिंह एवं बी.कॉम (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष के छात्र मोहम्मद मसूद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन आईसीसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह ने किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नए विचारों को अमल में लाने वाले व्यक्ति को एंटरप्रेन्योर अथवा व्यवसायी कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि नए विचारों के माध्यम से यही व्यक्ति नए उत्पाद और सेवाएँ उपलब्ध कराने के अतिरिक्त नौकरियों का स्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानु नाग का विशेष सहयोग रहा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

CMYK

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के छात्र का स्वीडन में इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन

**युग बन्धु समाचार**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के बी.एससी, एग्रीकल्चर पाठ्यक्रम के छात्र प्रिंस चैधरी का स्वीडन स्थित कंपनी फ्रीलेस्टाड वैक्सट एबी में 9,60,000 रुपये धनराशि की स्कॉलरशिप सहित 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। इंटर्नशिप की इस अवधि के दौरान प्रिंस चैधरी कृषि क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में सीखेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने चयनित छात्र चैधरी को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी अवश्य प्रेरित होंगे। कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार को छात्र प्रिंस चैधरी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विदेशी इंटर्नशिप के अवसरों के फलस्वरूप विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीकों को सीखने में मदद मिलेगी व विद्यार्थी इंटर्नशिप पूर्ण करने पश्चात वे अपने ज्ञान को अन्य विद्यार्थियों और किसानों के साथ साझा करेंगे। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के बंसल, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. अर्कजा सिंह, सीनियर ट्रेनिंग प्लेसमेंट ऑफिसर आशीष अग्रवाल समेत विश्वविद्यालय के अन्य स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी चयनित छात्र चैधरी को बधाई दी है। वि0



# वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप-डे पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे' के अवसर पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने व अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका मलिक को प्रथम, बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष के छात्र प्रियांशु को द्वितीय तथा एम.एससी, फिजिक्स, द्वितीय वर्ष के छात्र अर्पित सिंह एवं बी.कॉम (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष के छात्र मोहम्मद मसूद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन आईसीसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह ने किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को 'वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे' के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नए विचारों को अमल में लाने वाले व्यक्ति को एंटरप्रेन्योर अथवा व्यवसायी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि नए विच. ारों के माध्यम से यही व्यक्ति नए उत्पाद और सेवाएँ उपलब्ध कराने के अतिरिक्त नौकरियों का स्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानु नाग का विशेष सहयोग रहा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

युग बन्धु समाचार

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के अवसर पर इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य में सफलता पाने व अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका मलिक को प्रथम, बी.एससी, पीसीएम, तृतीय वर्ष के छात्र प्रियांशु को द्वितीय तथा एम.एससी, फिजिक्स, द्वितीय वर्ष के छात्र अर्पित सिंह एवं बी.कॉम (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष के छात्र मोहम्मद मसूद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन आईसीसी के कन्वीनर डॉ. हरप्रीत सिंह ने किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को वर्ल्ड एंटरप्रेन्योरशिप डे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि नए विचारों को अमल में लाने वाले व्यक्ति को एंटरप्रेन्योर अथवा व्यवसायी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि नए विचारों के माध्यम से यही व्यक्ति नए उत्पाद और सेवाएँ उपलब्ध कराने के अतिरिक्त नौकरियों का स्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानु नाग का विशेष सहयोग रहा। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। वि0

**AUGUST 24**

शाह टाइम्स

# आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में दिखाया गया चंद्रयान-3 की सफलता का सीधा प्रसारण



शाह टाइम्स ब्यूरो

